# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : कमेटी सैल/यूनानी/6042
दिनांक : 09.09.2024

## प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः कमेटी सैल/यूनानी/6028 दिनांक 27.08.2024 द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित **बी0यू0एम0एस0 (यूनानी) एवं बी0ए0एम0एस0 (आयुर्वेद) पाठ्यक्रम चतुर्थ व्यवसायिक (सत्र 2019–20)** की मुख्य एवं पूरक एवं नियमानुसार पूर्व वर्षों में प्रवेशित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय व्यवसायिक की केवल पूरक परीक्षा (वर्ष 2024) हेतु परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** पर ऑन लाईन (On Line) भरवाये जा रहे है। बैच 2020 के तृतीय व्यवसायिक के ऐसे छात्र जिनकी उपस्थिति कम होने के कारण उनको परीक्षा से बंचित कर दिया गया था, अब उनकी उपस्थिति पूर्ण हो चुकी है, को भी तृतीय व्यवसायिक की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त परीक्षा फार्म भरने से बंचित छात्रों को उपर्युक्त व्यवसायिक परीक्षाओं में परीक्षा फार्म भरने का अन्तिम अवसर प्रदान करने हुये तिथियॉं निम्नानुसार विस्तारित की जा रही है :–

**उपरोक्त परीक्षाओं हेतु फार्म जमा कराने की तिथियां निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैं:–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विश्वविद्यालय वेबसाईट पर परीक्षा फार्म ऑन लाईन उपलब्ध होने की प्रारम्भिक तिथि | 30.08.2024 |
| 2. | अभ्यर्थियों द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म एवं ऑन लाईन परीक्षा शुल्क सहित परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | 15.09.2024 |
| 3. | भरे गये परीक्षा फार्म को सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराने की अन्तिम तिथि | 16.09.2024 |
| 4. | महाविद्यालय/संस्थान द्वारा परीक्षा फार्म को विश्वविद्यालय में जमा कराने की अन्तिम तिथि | 17.09.2024 |

कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि केवल अर्ह छात्रों के परीक्षा फार्म ही ऑनलाईन पोर्टल पर वैरिफाई कर विश्वविद्यालय को प्रेषित किये जाये। अन्यथा की स्थिति में समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय का स्वयं का होगा तथा अन्तिम तिथि के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी का कोई भी फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

for परीक्षा नियंत्रक

***प्रतिलिपिः***– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त बी0यू0एम0एस0 (यूनानी) एवं बी0ए0एम0एस0(आयुर्वेद) पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालय/संस्थान को इस आशय से प्रेषित कि वे उपरोक्त से सम्बन्धित नियमानुसार समस्त अर्ह विद्यार्थियों के ही परीक्षा फार्म अग्रसारित करें।
2. वित्त अधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
3. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. आशुलिपिक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
5. उप कुलसचिव कुलसचिव (परीक्षा)।
6. प्रभारी, (सीक्रेसी), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
7. प्रभारी, व्यावसायिक पाठ्यक्रम (रिजल्ट सैल), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
8. प्रभारी (सामान्य/भण्डार)।
9. आशुलिपिक कुलसचिव।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
11. प्रभारी, वेबसाइट/कम्प्यूटर केन्द्र
12. विश्वविद्यालय सूचना पट।
13. अधिकृत कम्पनी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

09.9.2024
for परीक्षा नियंत्रक